दानापुर-अहमदाबाद के मध्य वन-वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रतलाम। पश्चिम रेलवे द्वारा शीतकालीन त्योहारों के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रतलाम मंडल से होकर दानापुर-अहमदाबाद के मध्य वन-वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 03217 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल शनिवार, 28 नवंबर, 2026 को दानापुर से 22.3 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के उज्जैन (21.00/21.05 रविवार), नागदा(22.05/22.07), रतलाम (22.50/23.00 रविवार) एवं दाहोद(01.00/01.02 सोमवार) होते हुये सोमवार को 06.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इस ट्रेन का आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिक्की, मानिकपुर, सतना, कटनी मुड़वारा, दमोह, बीना, विदिशा, संतहिरदाराम नगर, उज्जैन, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, छायापुरी एवं आणंद स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच रहेंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व ट्रेनों के ठहराव, समय एवं ट्रेनों की वास्तविक स्थिति की जानकारी भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in पर अवश्य देखें। साथ ही, railOne ऐप के माध्यम से भी ट्रेनों से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जिला न्यायालय परिसर में हुआ संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



रतलाम। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष नीना आशापुरे की अध्यक्षता में भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कार्यक्रम जिला न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अनूप कुमार त्रिपाठी, विशेष न्यायाधीश रविन्द्र प्रतापसिंह चुण्डावत, संजीव कटारे-जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला न्यायाधीश निर्मल मंडोरिया, श्रीमती बरखा दिनकर, श्रीमती श्वेता तिवारी, आशीष श्रीवास्तव, राकेश कुमार शर्मा, राजेश नामदेव, श्रीमती सपना भारती कतरौलिया सहित अन्य समस्त व्यवहार न्यायाधीश एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी पूनम तिवारी एवं अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राकेश शर्मा, शैलेन्द्र हड़पावत, प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय, सुरेश वर्मा शासकीय अधिवक्ता, जिला अभियोजन अधिकारी, तथा समस्त न्यायालयीन अधिकारी/कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम के कर्मचारी तथा अधिवक्तागण की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाकर संविधान दिवस मनाया गया। इसके साथ ही तहसील न्यायालय, जावरा, आलोट, सैलाना में भी संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाकर संविधान दिवस मनाया गया।

कुंडाल-कोटेश्वर बांध के डूब क्षेत्र में अवैध सिंचाई पर कार्रवाई, 12 मोटर-पंप जब्त कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई



रतलाम। कुंडाल-कोटेश्वर बांध के डूब क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद सिंचाई के लिए मोटर-पंप का उपयोग किए जाने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 12 मोटर-पंप जब्त किए हैं। कलेक्टर अजय कटेसरिया के निर्देश पर जल संरक्षण एवं उपलब्ध जल के उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और जल संसाधन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। तहसीलदार रतलाम ग्रामीण मनीष जैन ने बताया कि बांध में कम जल उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए सिंचाई प्रतिबंध लागू किया गया है। प्रतिबंध के बावजूद डूब क्षेत्र में सिंचाई के लिए मोटर एवं पंप का उपयोग किए जाने की जानकारी मिलने पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 12 मोटर-पंप जब्त किए गए, जिनमें 7 सबमर्सिबल पंप तथा 5 ओपनवेल पंप शामिल हैं। जब्त सामग्री के संबंध में मौके पर पंचनामा तैयार कर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई तहसीलदार मनीष जैन, रतलाम ग्रामीण, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के कर्मचारियों तथा जल संसाधन विभाग के उपयंत्री की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

शीतलहर से बचाव के लिए सतर्क रहें, बुजुर्गों और बच्चों का रखें विशेष ध्यान - ठंड से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिया ने नागरिकों को शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि दिसंबर और जनवरी में शीतलहर का प्रभाव अधिक रहता है। इस दौरान तापमान में गिरावट से सर्दी, खांसी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने नागरिकों से मौसम संबंधी सूचनाओं पर ध्यान देने, पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने तथा दस्ताने, टोपी, मफलर, मोजे और जूतों का उपयोग करने की अपील की।

3 जनवरी तक होंगे धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम

रतलाम। सैलाना बस स्टैंड स्थित फर्स्ट चर्च में क्रिसमस और नववर्ष का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजनों की शुरुआत 29 नवंबर से होगी, जो 3 जनवरी तक जारी रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आराधनाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के कार्यक्रम पत्रक का विमोचन चर्च पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर फादर सचिन डावर, प्रेस्बिटर एस. कनासिया, सचिव योहन चौहान, कोषाध्यक्ष अश्विन केल्विन, मीडिया प्रभारी हेरी एलेक्जेंडर सहित समाजजन उपस्थित रहे। यह रहेगा कार्यक्रम 29 नवंबर सुबह 9 बजे एकता दिवस, आगमन का पहला रविवार, कमेटी एवं वरिष्ठ नागरिक दिवस।

इंदौर के व्यापारी के साथ रतलाम में हुई लूट का पर्दाफाश

व्यापारी का ड्राइवर ही निकला मास्टरमाइंड, दो साथियों के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

एक आरोपी इंजीनियर – 6.21 लाख रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद

रतलाम। महू–नीमच रोड स्थित महिंद्रा शोरूम के सामने 19 नवम्बर को हुई 8 लाख 15 हजार रुपये की लूट की वारदात का पुलिस ने 10 दिन के भीतर खुलासा कर दिया है। इस वारदात की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि लूट की साजिश में कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि व्यापारी का ड्राइवर ही शामिल था।



उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। आरोपियों ने पहले जावरा में ही लूट की कोशिश की, लेकिन वहां कामयाब नहीं होने पर व्यापारी की कार का पीछा करते हुए रतलाम पहुंचे और यहां वारदात को अंजाम दिया। एसपी अमित कुमार ने शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले का खुलासा किया। इस दौरान एएसपी विवेक कुमार और स्टेशन रोड थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम भी मौजूद रहे। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 लाख 21 हजार रुपये नकद, लूट में इस्तेमाल किया गया काले रंग का बैग, कलेक्शन के दस्तावेज और घटना में प्रयुक्त टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक मैकेनिकल इंजीनियर भी शामिल है, जो इंदौर में एक शोरूम में सर्विस मैनेजर के पद पर काम करता है। ऐसे बनाई थी लूट की योजना पुलिस के अनुसार, फरियादी हर्षित पिता नरेंद्र चंदाना (34), निवासी इंदौर, कन्फेक्शनरी उत्पादों (गोली, बिस्किट, चॉकलेट) की मार्केटिंग का काम करते हैं। उनका कारोबार रतलाम, नीमच, मंदसौर, जावरा सहित कई क्षेत्रों में है। 19 नवम्बर को वे अपने ड्राइवर गजानंद उर्फ गोलू भिड़े के साथ दोस्त की कार से इंदौर से मंदसौर, नीमच और रतलाम की ओर कलेक्शन के लिए निकले थे। मंदसौर और नीमच से व्यापारियों से रुपये एकत्रित करने के बाद उनके पास कुल 8 लाख 15 हजार 510 रुपये थे। दोनों कार से वापस इंदौर लौट रहे थे। इसी दौरान महू-नीमच रोड पर महिंद्रा शोरूम के सामने दो बाइक सवार बदमाशों ने कार को निशाना बनाया और रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।घटना के बाद फरियादी की रिपोर्ट पर स्टेशन रोड थाने में धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। ड्राइवर पर शुरू से था संदेह एसपी अमित कुमार के निर्देशन में स्टेशन रोड थाना प्रभारी निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम के नेतृत्व में साइबर सेल, सीसीआर और इंट्रोगेशन टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर करीब 150 से 200 किलोमीटर के दायरे में 400 से 500 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। घटनास्थल का पीएसटीएन डाटा भी प्राप्त कर उसका विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान पुलिस को व्यापारी के ड्राइवर गजानंद उर्फ गोलू भिड़े की भूमिका संदिग्ध लगी। घटना के संबंध में पूछताछ के दौरान उसके जवाब संतोषजनक नहीं थे। पुलिस ने उसकी गतिविधियों और संपर्कों की जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह अक्सर अपने दो दोस्तों चेतन मंडलोई और राजकुमार रायकवार के साथ रहता था। दोनों के साथ उसका उठना-बैठना और शराब पीना भी सामने आया। पुलिस ने दोनों संदिग्धों की तलाश कर उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने व्यापारी के ड्राइवर गजानंद के साथ मिलकर लूट की योजना बनाना और वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने ड्राइवर को भी पकड़ लिया। मैकेनिकल इंजीनियर भी लूट में शामिल गिरफ्तार आरोपियों में चेतन पिता कमल मंडलोई (26), निवासी द्वारकापुरी, इंदौर भी शामिल है। एसपी अमित कुमार के अनुसार, चेतन मैकेनिकल इंजीनियर है और इंदौर में एक शोरूम में सर्विस मैनेजर के रूप में काम करता है। दूसरा आरोपी राजकुमार पिता जीवनलाल रायकवार (37), निवासी बीजलपुर, इंदौर है। तीसरा आरोपी गजानंद उर्फ गोलू पिता विष्णु भिड़े (33), निवासी रंगवासा, राऊ, इंदौर है, जो व्यापारी के साथ ड्राइवर के रूप में जाता था। एसपी के मुताबिक, ड्राइवर स्थायी कर्मचारी नहीं था। व्यापारी जब बाहर कलेक्शन के लिए जाते थे तो पिछले दो-तीन दौरों में वह उनके साथ गया था। इसी दौरान उसे कलेक्शन की रकम और व्यापारी की आवाजाही की जानकारी हो गई थी। 6.21 लाख रुपये और बाइक बरामद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 लाख 21 हजार रुपये नकद, काले रंग का बैग, कलेक्शन के दस्तावेज और डायरी बरामद की है। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई लाल-काले रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

बाइक की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है।इस प्रकार पुलिस ने लूटी गई रकम का बड़ा हिस्सा और वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद कर लिया है। इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश पन्द्रो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्टेशन रोड निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इसमें निरीक्षक अय्यूब खान, थाना प्रभारी बिलपांक, निरीक्षक जितेन्द्र सिंह जादौन, थाना प्रभारी रिंगनोद, उपनिरीक्षक दीपक यादव, गुलाब सिंह सहित साइबर सेल, प्रधान रक्षक मनमोहन शर्मा, आरक्षक मयंक व्यास, सीसीआर टीम और स्टेशन रोड थाने के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

केंद्रीय एमएसएमई मंत्री मांझी से मंत्री काश्यप ने की सौजन्य भेंट

केंद्रीय मंत्री ने की मध्यप्रदेश की तारीफ - लंबित प्रकरण भी शीघ्र होंगे हल : मंत्री श्री काश्यप

रतलाम/भोपाल। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी से नई दिल्ली में सौजन्य भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में एमएसएमई में हुए ऐतिहासिक कार्यों के बलबूते पर आए निवेश और इंडस्ट्रीज से बढ़े रोजगार से आए बदलाव की जानकारी दी और लंबित राशि जारी करने का अनुरोध किया।



केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने मध्यप्रदेश की तारीफ करते हुए सभी मामलों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया है। केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने मध्यप्रदेश में एमएसएमई के विस्तार के लिए एमएसएमई इकाईयों को दी जा रही प्रोत्साहन राशि के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विभाग की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य है जिसने रैम्प योजना में अग्रणी स्थान अर्जित करने के साथ ही एमएसएमई पंजीयन में भी बेहतर कार्य किया है। एमएसएमई मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि मध्यप्रदेश में रूस्रूश्व क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए भारत सरकार की (सूक्ष्म लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम) योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मध्यप्रदेश सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा रूस्श्व-ष्टष्ठक्क अंतर्गत विगत माह में स्वीकृत 15 परियोजनाओं में से 10 परियोजनाओं के केंद्रीय अंश 7,884.40 लाख के प्रस्ताव पोर्टल पर प्रेषित किए गए हैं एवं 5 परियोजनाओं के प्रस्ताव स्ट्रुष्ठक्चढ्ढ में लंबित हैं।

100 करोड़+बजट वाले राज्यों में मध्यप्रदेश दूसरा

केंद्रीय मंत्री श्री मांझी को मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि क्रॅरूक्क अंतर्गत 150.51 करोड़ रूपये की योजना स्वीकृत हुई है। योजना के सभी 12 घटकों में कार्य प्रारंभ है, केंद्रीय राशि व्यय में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर 6वें और 100 करोड़ + बजट वाले राज्यों में दूसरे स्थान पर है। पूर्व में रूस्श्व-ष्टष्ठक्क अंतर्गत स्वीकृत 11 क्लस्टरों में से 4 पूर्ण व 7 प्रगतिशील हैं। अलीराजपुर भवन का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

लंबित प्रस्तावों को निराकृत करने का भरोसा

मध्यप्रदेश के एमएसएमई मंत्री श्री काश्यप ने केंद्रीय मंत्री श्री मांझी से आग्रह किया कि रूस्श्व-ष्टष्ठक्क अंतर्गत 2,250.50 लाख की शेष राशि विमुक्त करने के लिए संबंधितों को समुचित निर्देश देने का कष्ट करें।

उन्होंने कहा कि लंबित राशि का भुगतान के साथ ही नवीन प्रस्तावों की स्वीकृति एवं मूल्यांकन समय-सीमा में करने के लिए संबंधितों को आवश्यक निर्देश देने संबंधी अनुरोध भी किया। मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री मांझी से चर्चा सार्थक रही है और उन्होंने लंबित मामले शीघ्र हल होने का आश्वासन भी दिया है।

सांदीपनि स्कूल की तीन छात्राओं की तबीयत बिगड़ी

प्रार्थना सभा के दौरान चक्कर आए, बेसुध हुईं; दो दिन में 12 बीमार

रतलाम। रावटी के शासकीय सांदीपनि हायर सेकंडरी स्कूल में शुक्रवार सुबह तीन छात्राओं की तबीयत अचानक से खराब हो गई। छात्राओं को चक्कर आने लगे और बेसुध होने लगीं। स्कूल प्रबंधन की ओर से उन्हें तुरंत रावटी के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज किया जा रहा है। तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर बाजना तहसीलदार कुलभुषण शर्मा व शिक्षा विभाग के अधिकारी भी पहुंचे। छात्राएं रावटी के नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास में रहती हैं। जिन छात्राओं की तबीयत खराब हुई है वे कक्षा 6, 7 व 8वीं छात्राएं हैं। सुबह स्कूल 10.3 बजे लगा था। प्रार्थना के दौरान तीनों की तबीयत बिगड़ी। स्कूल प्रिंसिपल अमरसिंह भाभर समेत अन्य स्टाफ ने छात्राओं को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।



अचानक से बीमार होने का कारण सामने नहीं आया है। गुरुवार को भी स्कूल में 9 छात्राओं की तबीयत बिगड़ी थी। जिसमें से 4 को स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए थे। बाकि सामान्य था। गुरुवार को छात्राओं ने हॉस्टल में गोभी आलू, टमाटर की सब्जी खाई थी। चना, मूंग का नाश्ता किया था। डरी सहमी लग रही हैं छात्राएं तहसीलदार कुलभुषण शर्मा ने बताया छात्राएं मेडिकल रूप से फीट दिख रही है। किसी प्रकार की फूड पायजिंग जैसी कोई समस्या नहीं आई है। छात्राओं से बात की है तो वह डरी सहमी लग रही हैं। स्कूल जाकर क्लासमेंट व अन्य स्टॉफ से जानकारी ली जा रही है। साथ ही हॉस्टल के खान-पान को भी जांचा जा रहा है।

बिलपांक टोल पर खत्म होगी वीआईपी लेन

अब 8 की जगह होंगे 9 गेट

कैश और फास्टैग वाहनों के लिए अलग-अलग लेन की व्यवस्था, 10 दिन में लागू होंगे नए बदलाव



रतलाम। रतलाम-बदनावर मार्ग स्थित बिलपांक टोल प्लाजा पर आए दिन लगने वाले जाम और वाहन चालकों की परेशानी को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। कलेक्टर अजय कटेसरिया ने शुक्रवार को टोल प्लाजा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के तहत वर्तमान में संचालित 8 गेटों की संख्या बढ़ाकर 9 की जाएगी। साथ ही टोल प्लाजा पर बनी वीआईपी लेन को समाप्त कर सामान्य यातायात व्यवस्था में शामिल किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने टोल पर लगने वाले जाम के कारणों की जानकारी ली। सामने आया कि कैश भुगतान करने वाले और फास्टैग का उपयोग करने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग लेन नहीं होने से परेशानी होती है। कैश भुगतान में लगने वाले समय के कारण फास्टैग वाले वाहनों को भी कतार में इंतजार करना पड़ता है। इससे टोल पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए कलेक्टर ने कैश और फास्टैग लेन अलग-अलग करने के निर्देश दिए। रतलाम-बदनावर मार्ग पर होंगे 5 गेट नई व्यवस्था के अनुसार रतलाम से बदनावर की ओर जाने वाले मार्ग पर कुल 5 गेट संचालित होंगे। इनमें 3 गेट पूरी तरह फास्टैग वाहनों के लिए निर्धारित रहेंगे, जबकि 2 गेट कैश एवं हाइब्रिड लेन के रूप में संचालित किए जाएंगे। हाइब्रिड लेन में कैश भुगतान करने वाले वाहनों के साथ फास्टैग वाले वाहन भी निकल सकेंगे। इसी प्रकार बदनावर से रतलाम की ओर आने वाले मार्ग पर कुल 4 गेट रहेंगे। इनमें 2 गेट फास्टैग वाहनों के लिए तथा 2 गेट कैश एवं हाइब्रिड लेन के रूप में संचालित होंगे। इस तरह दोनों ओर मिलाकर टोल प्लाजा पर कुल 9 गेट हो जाएंगे। वीआईपी लेन होगी समाप्त कलेक्टर ने टोल प्लाजा के बीच में बनाई गई वीआईपी लेन को समाप्त कर उसे रतलाम से बदनावर जाने वाले मार्ग की सामान्य यातायात व्यवस्था में शामिल करने के निर्देश दिए।

कार्यालय रतलाम विकास प्राधिकरण रतलाम (म. प्र.)

01 हाथीखाना रोड, रतलाम दूरभाष 07412-240550

Email- vikaspradhikaranratlam@gmail.com Website- www.rdaratlam.com

नामांतरण संबंधी जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रतलाम विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांकङ्क 04, श्री परशुराम विहार में स्थित भूखण्ड पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। मध्यप्रदेश दिनांक 01/10/2018 के तहत उनके नामान्तरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने के दिन से 15 दिवस के अन्दर आवश्यक दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि सहित लिखित में प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त हो जाने पर दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार नामान्तरण किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/उजर मान्य नहीं होगा।

अ. क्र	योजना क्रं.	भूखण्ड क्रं.	आवंटिती/अंतरिती का नाम व पता	नामामतरण का आधार	आवेदिक अंतरिती) का नाम व पता	आवेदन दिनांक
1	04 श्री परशुराम विहार	287	(1) श्रीमती रोजी आहूजा पति श्री मुकेश कुमार आहूजा, (2) श्री मुकेश कुमार आहूजा पिता श्री चौधरीराम आहुजा, नि. महर्षि वेद व्यास कालोनी रतलाम	भूखण्ड विक्रय होने से रजिस्ट्री के आधार पर	(1) श्रीमती रेखा पति श्री जितेन्द्र, (2) श्री जितेन्द्र पिता श्री शिवनारायण नि. 58, बिलपांक रतलाम	06.11.2026

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
रतलाम विकास प्राधिकरण, रतलाम (म.प्र.)